# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (11.01.2025)

HINDUSTAN MUZAFFARPUR DATE:11.01.2025 PAGE-06

### प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों की टीम गई वैशाली

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में दूसरे और चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थी शुक्रवार को मशरूम उत्पादन के अंतिम चरण के प्रशिक्षण के लिए सृष्टि एजुकेशनल वेलफेयर एंड रिसर्च सेंटर बाजीतपुर सैदात, वैशाली गए। विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग ने इस संस्थान के साथ एमओयू किया है। प्रशिक्षण के इस चरण में छात्र मशरूम के हार्वेस्टिंग, भंडारण, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके पूर्व छात्रों ने मशरूम कंपोस्ट बनाने, स्पॉनिंग, केसिंग, पिनिंग आदि का प्रशिक्षण लिया था।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE:11.01.2025, PAGE-06

### क्रिकेट कैंप के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू की मेंस क्रिकेट टीम 20 जनवरी से काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी में होने वाली इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी ट्वेंटी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इसके लिए 14 जनवरी से क्रिकेट टीम का विशेष कैंप लगेगा। बीआरएबीयू स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डॉ. कांतेश ने बताया कि कैंप के लिए 18 सदस्यीय खिलाड़ियों की सूची जा रही कर दी गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


Ref:.....................                                   Date:...........................

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE: 11.01.2025,
PAGE-02

## नेपाल में प्रतियोगिता में शामिल होगी टीम

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में होने वाले अंतरराष्ट्रीय अंतर विश्वविद्यालय जय नेपाल टी-20 कप प्रतियोगिता में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम हिस्सा लेगी। इसके लिए टीम की घोषणा हो गई है। प्रतियोगिता 20 जनवरी से है। टूर्नामेंट में शामिल होने से पहले टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 14 जनवरी से शुरू होगा। 13 जनवरी तक रिपोर्ट नहीं करने वाले खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम में चयनित खिलाड़ियों को संबंधित कालेज के डीपीई उन्हें कैंप के लिए भेजेंगे।

**Ref:.....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 11.01.2025, PAGE-04

# मशरूम उत्पादन देखने वैशाली गये स्टूडेंट्स

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्त्वावधान में द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं मशरूम उत्पादन के अंतिम चरण के प्रशिक्षण के लिए वैशाली के लिए रवाना हुए. वैशाली स्थित सृष्टि एजुकेशनल वेलफेयर एंड रिसर्च सेंटर बाजीतपुर सैदात में इन छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग दी जायेगी. विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग का इस संस्थान के साथ एमओयू हुआ है. इसी के तहत छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. छात्र मशरूम के हार्वेस्टिंग, भंडारण, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी प्राप्त करेंगे. इसके पूर्व में छात्रों ने मशरूम कंपोस्ट बनाने, स्पॉनिंग, केसिंग, पिनिंग आदि का प्रशिक्षण ले चुके हैं. विभागाध्यक्ष प्रो रंजना, प्रो पूनम, प्रो कादम्बिनी, डॉ रितिका, डॉ नीति, डॉ गौरव पांडेय के नेतृत्त्व में छात्र-छात्राओं की टीम प्रशिक्षण के लिए रवाना हुई है.

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 11.01.2025, PAGE-04

आरडीएस कॉलेज केंद्र पहुंचे परीक्षा नियंत्रक.

# परीक्षा नियंत्रक ने किया आरडीएस का निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने शुक्रवार को स्नातक प्रथम सेमेस्टर की चल रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान वे आरडीएस कॉलेज केंद्र पहुंचे. वहां उन्होंने विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है. किसी भी केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है.